जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/2022/48 दिनांक : 13.01.2022

// कार्यालयीन आदेश //

प्रायः यह देखने में आया है कि जिन छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम में त्रुटि हो जाती है अथवा परीक्षा परिणाम WH रहता है तो उनके प्रकरण अजमेर कम्पनी को सुधार हेतु भेजे जाते हैं। जिस पर अजमेर कम्पनी द्वारा सुधार भी कर दिया जाता है तथा छात्र की सुधार की हुई अंकसूची ऑन लाइन अपलोड कर दी जाती है और छात्र को ऑनलाइन अंकसूची भी दिखाई देने लगती है।

वर्तमान में इसके पश्चात की प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न की जाती है। जिसमें टेबुलेशन चार्ट पर करेक्शन सेल में अध्यापक द्वारा सुधार किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा ही मार्कशीट तैयार की जाती हैं। उपरोक्त प्रक्रिया में काफी समय नष्ट हो रहा है और छात्र की समस्यायें भी समय रहते समाधान नहीं हो पा रही है। अतः भविष्य में उपरोक्त कार्य हेतु निम्नानुसार S.O.P. निर्धारित की है:-

1. छात्र के करेक्शन अथवा WH को सम्बन्धित शाखा द्वारा Clear करने के बाद प्रकरण अजमेर कम्पनी को भेजा जावेगा।
2. अजमेर कम्पनी द्वारा करेक्शन कर डाटा ऑनलाइन किया जावेगा। साथ ही उक्त करेक्शन की टी. आर. एवं मार्कशीट विश्वविद्यालय को प्रदान की जावेगी।
3. उक्त टी.आर. और अंकसूची प्राप्त होने के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही चार्ट को गोपनीय एवं परीक्षा विभाग में भेजा जावेगा एवं अंकसूची परीक्षा विभाग में भेजी जावेगी।
4. चार्ट प्राप्त होने पर उक्त चार्टो को गोपनीय एवं परीक्षा शाखा में पाठ्यक्रमवार (Coursewise) वर्षवार (Yearwise) चार्ट के रूप में संधारित किया जावेगा।
5. सहायक कुलसचिव परीक्षा एवं सहायक कुलसचिव. गोपनीय प्राप्त टी.आर. के आधार पर मूल टीआर में अंकित करेंगे कि छात्र का Corrected Result, Corrected TR में पेज नं. XXX संधारित किया गया।
6. प्राप्त अंकसूची, छात्र/कालेज को भेज दी जावेगी जिसका रिकॉर्ड पूर्व प्रक्रिया अनुसार नियामानुसार संधारित किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. सहा.कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय की ओर, समस्त सीट इंचार्जों को अंकित कराने हेतु प्रेषित।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर